दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 05-10-2025

# लोगों को स्वल्पाहार वितरित किया

नर्मदापुरम | मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय द्वारा युवक रेड क्रॉस के तहत सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. आर के चौकसे के मार्गदर्शन में सेवा अभियान के अवसर पर मां नर्मदा को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नाव चालकों, घाटों की सफाई करने वाले श्रद्धालुओं, नर्मदा परिक्रमा वासियों एवं निशक्त जनों को स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रीति आनंद उदयपुरे, डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, डॉ. रीना सक्सैना, डॉ. मालती पटेल, उमेश सेन द्वारा उपस्थित जनों को मां नर्मदा को स्वच्छ रखने तथा घाटों पर गंदगी न करने के लिए जागरूक किया गया।


राष्ट्रीय सेवा योजना
सेवा पखवाड़ा अभियान
दिनांक : 17.09.25 से 02.10.25
एक्सीलेन्स
नर्मदापुरम



Social Reformers
संग्रहालय
हमारी संस्कृति हमारी
शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद
सघन जागरुकता अभियान
मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति
राष्ट्रीय सेवा योजना
सेवा पखवाड़ा अभियान
दिनांक : 17.09.25 से 02.10.25
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स


भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ
SURAKSHA


भूगोल विभ
राष्ट्रीय सेवा योजना
सेवा पखवाड़ा अभियान
दिनांक : 17.09.25 से 02.10.25
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स
शास. नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
IGNORE नहीं
फिर से याद करो!
सघन जागरुकता अभियान
(एच.आई.व्ही. / एड्स)
दिनांक : 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2025
मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति
जिला एड्स नियंत्रण समिति, नर्मदापुरम
#IndiaFightsHIV&STI
1097

दैनिक भास्कर
नर्मदापुरम भास्कर 27-09-2025

# 13 यूनिट ब्लड डोनेट, जरूरतमंदों को मिलेगा जीवनदान

नर्मदापुरम| प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर हुआ। आयोजन एनसीसी, रेड क्रॉस और एनएसएस इकाई ने किया। जिला चिकित्सालय की 10 सदस्यीय टीम ने विशेष सहयोग दिया। प्राचार्य डॉ. आरके चौकसे ने कहा, रक्तदाताओं की सूची वेबसाइट पर डाली जाएगी। जरूरतमंद लोग कॉलेज की एनसीसी इकाई से संपर्क कर सकेंगे। शिविर में 13 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. संतोष कुमार अहिरवार, डॉ. धर्मेंद्र कोरी, डॉ. नितिन वाघमारे, राकेश खापरे और सौरभ थापक ने रक्तदान किया। कैडेट्स मोहित धुर्वे, मिथिलेश बिनाके, शेख अनस, दशरथ कीर और अजय कीर ने भी ब्लड डोनेट किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी डॉ. संतोष कुमार अहिरवार ने किया। डॉ. संजय चौधरी, डॉ. केजी मिश्र सहित कई प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

पत्रिका

# श्रद्धालुओं से घाटों पर सफाई रखने का आग्रह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**नर्मदापुरम.** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर के चौकसे के निर्देशन में रेडक्रॉस समिति द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न सामाजिक और जन सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत रक्तदान और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों के माध्यम से सेवा और पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा हैं। वहीं महाविद्यालय की रेडक्रॉस समिति के सदस्यों ने विवेकानंद घाट और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने और गंदगी हटाने में अपना योगदान दिया। स्वच्छता अभियान के तहत गंदगी वाले स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। स्वयंसेवकों ने घाट किनारे दुकानदारों और श्रद्धालुओं से सफाई रखने की अपील भी की। स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय रेडक्रॉस समिति के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार कोरी, डॉ. दिवाकर महोबिया डॉ .अंजना यादव और रेडक्रॉस सोसाइटी के वॉलिंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट सम्मिलित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान, किया गया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के निर्देशन में रेड क्रॉस समिति द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न सामाजिक और जन सेवा कार्य किये जा रहे हैं। बुधवार को महाविद्यालय की रेड क्रॉस समिति के सदस्यों ने विवेकानंद घाट और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने और गंदगी हटाने में अपना योगदान दिया। साथ हीस्वयंसेवकों पोधारोपण भी किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा घाट किनारे दुकानदारों और श्रृद्धालुओं से सफाई रखने की अपील भी की।

स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय रेडक्रॉस समिति के नोडल अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार कोरी, डॉ दिवाकर महोबिया डॉ अंजना यादव आदि शामिल रहे।

# नर्मदा कॉलेज में सेवा पखवाड़े पर व्याख्यान माला, नुक्कड़ नाटक और पौधारोपण



**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नर्मदा कॉलेज में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आज ऊर्जा संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय में किया गया प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजक डॉ बी एस आर्य मुख्य वक्ता के रूप में ऊर्जा संरक्षण के उपाय तथा दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण किस प्रकार करें इस पर प्रकाश डाला।विषय वक्ता के रूप में डॉ रवि उपाध्याय ने छात्रों से अपने जीवन में ऊर्जा संरक्षण के नए-नए उपाय की खोज करना तथा उन्हें लागू करना जिससे समाज तथा स्वयं का लाभ हो सके के लिए प्रेरित किया। इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में पौधा रोपण किया गया ।इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ एस के दिवाकर, डॉ यास्मीन खान, डॉ मीना कीर, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, डॉ धर्मेंद्र कोरी, डॉ नित्या पटेरिया, डॉ सुरभि भट्ट,श्रीमती अंजलि भट्ट, चिराग झामडे ,वरुण तिवारी डॉ एस के झा, डॉ प्रियंका राय का विशेष सहयोग रहा। सत्यम गुप्ता ,धर्मेंद्र, यशस्वी ,सलोनी ,आदित्य, शिखर रिया साहू महक वर्मा जानकी, मयंक ,सोलंकी आदि अधिक संख्या में विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



सेवा योजना
अभियान
25 से 02.10.25

# नर्मदा कॉलेज में सेवा पखवाड़े पर हुआ व्याख्यान माला का आयोजन, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नर्मदा कॉलेज में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को ऊर्जा संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजक डॉ बी एस आर्य मुख्य वक्ता के रूप में ऊर्जा संरक्षण के उपाय तथा दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण किस प्रकार करें इस पर प्रकाश डाला।विषय वक्ता के रूप में डॉ रवि उपाध्याय ने छात्रों से अपने जीवन में ऊर्जा संरक्षण के नए-नए उपाय की खोज करना तथा उन्हें लागू करना जिससे समाज तथा स्वयं का लाभ हो सके के लिए प्रेरित किया।

इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों ने समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ एस के दिवाकर, डॉ यास्मीन खान, डॉ मीना कीर, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, डॉ धर्मेंद्र कोरी, डॉ नित्या पटेरिया, डॉ सुरभि भट्ट,श्रीमती अंजलि भट्ट, चिराग झामडे, वरुण तिवारी डॉ एस के झा, डॉ प्रियंका राय का सहयोग रहा। सत्यम गुप्ता ,धर्मेंद्र, यशस्वी, सलोनी आदि मौजूद रहे।

# नर्मदा कॉलेज की रासेयो बालिका इकाई ने किया पौधारोपण



**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** म प्र उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा ग्राम जैसलपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने ग्रामीण जनता के साथ मिलकर पौधे लगाए। डॉ राजेश दीवान ने कहा कि हरियाली का संरक्षण करना होगा। तभी मानव प्रकृति की रक्षा कर सकेगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ईरा वर्मा ने कहा हरियाली से ही मानव जीवन, जंगल, जल और जमीन सुरक्षित हो सकेगी ।पर्यावरण सुरक्षा संवर्धन प्रत्येक नागरिक का परम धर्म है। डॉ रवि उपाध्याय ने जैविक खेती के लाभ ग्रामीण जनता को बताए। वर्तमान में जैविक खेती की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में किरण, रजनी, शबनम, राजकुमारी, पुष्पा, सविता, पूर्वा ,आरती इत्यादि स्वंय सेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए।